Language – I
HINDI

निर्देश : निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र. सं. 1 से 7 तक)

भई, सूरज इस आदमी को जरा जगाओ
भई, पवन
जरा इस आदमी को हिलाओ,
यह आदमी जो सोया पड़ा है।
जो सच से बेखबर
सपनों में खोया पड़ा है।
भई, पंछी
इसके कानों पर चिल्लाओ।
भई सूरज ! जरा इस आदमी को जगाओ !
वक्त पर जगाओ,
नही तो जब बेवक्त जागेगा यह
तो जो आगे निकल गए हैं
उन्हे पाने
घबरा के भागेगा यह !
घबरा के भागना अलग है
क्षिप्र गति अलग है
क्षिप्र तो वह है
जो सही क्षण में सजग है
सूरज, इसे जगाओ
पवन, इसे हिलाओ
पंछी, इसके कानों पर चिल्लाओ !

1. भई, सूरज में 'भई' संबोधन इस प्रकार का है
(1) औपचारिक (2) आदर सूचक (3) श्रद्धा सूचक (4) आत्मीय

2. सोया हुआ आदमी किसमें सोया पडा है ?
(1) थकान में (2) सच से दूर सपनों में
(3) आलस्य में (4) मक्कारी में

www.kpscvaani.com

3. वक्त पर न जागने से यह होगा
   (1) अवसर निकल जायेगा
   (2) दूसरों का पीछा करेगा
   (3) पछतायेगा
   (4) घबरा के भागेगा

4. 'क्षिप्र गति' शब्द का अर्थ है
   (1) धीमी चाल (2) तेज चाल (3) घबराई चाल (4) प्रतिस्पर्धी चाल

5. इस कविता में हमें शिक्षा मिलती है कि
   (1) सोते रहना उचित नहीं है।
   (2) घबराकर भागना नहीं चाहिए।
   (3) सच से बेखबर नहीं रहना चाहिए।
   (4) सही क्षण की पहचान करके अपना काम बना लेना चाहिए।

6. 'बेखबर' शब्द में 'बे' व्याकरण की दृष्टि से यह है
   (1) उपसर्ग (2) प्रत्यय (3) कारक (4) क्रिया शब्द

7. 'सपनों में खोया पडा है' इस वाक्य में रेखांकित शब्द यह कारक है
   (1) कर्ताकारक (2) अधिकरणकारक (3) संबंधकारक (4) करणकारक

निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

पार्वती पिता के साथ जो मायके आई तो ससुराल का नाम भी जुबान पर नहीं लाई। जवान हुई, लेकिन गाँव को पता भी न चला कि वे कब अधेकड़ हो गई। माँ-पिता जवान होने तक न रहे थे। बड़े भाई रामरथ ने माँ-बाप का अभाव खटकने न दिया। रामरथ के अकेला बेटा था, जिसने पढ़-लिखकर जो एक बार गाँव से बाहर पैर रखा तो कानपुर से दिल्ली और दिल्ली से अमरीका जा बसा। वहीं शादी कर ली। रामरथ ने बेटे की याद के स्थान पर पत्थर रख लिया, लेकिन पत्नी को न समझा सके। वह बेटे की रट लगाती अर्द्धविक्षिप्त हो गई और एक दिन वह भी पति और ननद को छोड़ गई। घर में बहन-भाई बचे। एक गोंई की खेती थी, जिसे रामरथ नौकर की मदद से स्वयं करते थे, लेकिन पत्नी और पुत्र के जाने के बाद बटाई पर देने लगे। तीन वर्षों से रामरथ का झुकाव अध्यात्म की ओर हुआ तो वे खेत-घर का भार बहन पर छोड़ महीनों हरिद्वार-ऋषिकेश में बिताने लगे। गाँव आते, महीना-दो-महीना रहते और फिर पहाड़ों की ओर लौट जाते।

8. पार्वती मायके से पुन: ससुराल क्यों नहीं गई ?
   (1) वह ससुराल जाना नहीं चाहती थी।
   (2) वह मायके में ही रहना चाहती थी।
   (3) वह जवान हो चुकी थी।
   (4) वह बूढ़ी होने लगी थी।

www.kpscvaani.com

9. याद के स्थान पर पत्थर रख दिया का तात्पर्य है
(1) याद किया
(2) भुला दिया
(3) जी कड़ा कर लिया
(4) बाहर भेज दिया

10. रामरथ की पत्नी की मृत्यु का कारण यह था
(1) पुत्र की याद
(2) पति का असहयोग
(3) गंभीर बीमारी
(4) पुत्र का वापस न लौटना

11. पत्नी व पुत्र के जाने के बाद रामरथ का ध्यान किस ओर झुका ?
(1) बहन की ओर
(2) पुत्र की ओर
(3) खेती-बाडी की ओर
(4) आध्यात्म की ओर

12. रामरथ अपना अधिकांश समय हरिद्वार में इसलिए व्यतीत करना चाहते थे
(1) बसने की इच्छा के कारण
(2) घर पर मन न लगने के कारण
(3) परिवार के सदस्यों से मन भर जाने के कारण
(4) आध्यात्म के प्रति लगाव के कारण

13. 'जुबान' शब्द का पर्यायवाची शब्द है
(1) मुख
(2) होंठ
(3) रसना
(4) दसन

14. 'माँ-पिता' शब्द में यह समास है
(1) तत्पुरुष
(2) द्विगु
(3) द्वंद्व
(4) बहुव्रीहि

15. 'हरिद्वार-ऋषिकेश' शब्द इस संज्ञा का उदाहरण है
(1) जातिवाचक
(2) व्यक्तिवाचक
(3) भाववाचक
(4) समूहवाचक

16. व्याकरण शिक्षा की विधियों में सबसे मनोवैज्ञानिक और शिक्षा वैज्ञानिक विधि है
(1) देखो और कहो विधि
(2) आगमन विधि
(3) खेल विधि
(4) निगमन विधि

17. प्राथमिक कक्षाओं में भाषा अधिगम के समय निम्न कौशलों का सही क्रम यह होता है
(1) सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना
(2) लिखना, पढ़ना, बोलना, सुनना
(3) बोलना, लिखना, सुनना, पढ़ना
(4) पढ़ना, सुनना, लिखना, बोलना

18. भाषा का यह अभिप्राय है
(1) बोलने का माध्यम
(2) ध्वनियों का समूह
(3) शब्दों का समूह
(4) विचारों का आदान-प्रदान करने का माध्यम

19. कक्षा में छात्रों को आप रेडियो-पाठ सुनाते है, इससे भाषाई कौशल की यह कौशल विकसित होता है
(1) श्रवण
(2) वाचन
(3) लेखन
(4) भाषण

www.kpscvaani.com

20. व्याकरण पाठ के इस विधा में परिचित उदाहरणों के बाद चर्चा स्पष्टीकरण किया जाता है

(1) तात्त्विक व्याकरण (2) कार्यात्मक व्याकरण (3) तार्किक व्याकरण (4) सैद्धांतिक व्याकरण

21. प्रारंभिक कक्षाओं में इस कविताप्रणाली का उपयोग महत्त्वपूर्ण होता है

(1) व्यास प्रणाली (2) गीत प्रणाली (3) समीक्षा प्रणाली (4) तुलना प्रणाली

22. दृश्य शिक्षा साधनों में इसका स्थान अधिक ऊँचा माना गया है

(1) श्यामपट (2) ग्रामोफोन (3) पाठ्यपुस्तक (4) चित्र

23. इनमें से दृश्य-श्रव्य शिक्षण साधन है

(1) चमककार्ड (2) दूरदर्शन (3) चित्रपट (4) रेडियो

24. बालकों की श्रवणेंद्रियों में किसी प्रकार का दोष हो तो यह कर सकते हैं

(1) सहपाठियों से मार्गदर्शन दिलाना (2) अभिभावकों का सलाह लेना

(3) चिकित्सक से उपचार कराना (4) प्रधानाध्यापक की सलाह लेना

25. उपचारात्मक शिक्षा इन छात्रों को दिया जायेगा

(1) अधिगम में पिछडे छात्रों को (2) होशियार छात्रों को

(3) शारीरिक दोषवाले छात्रों को (4) गरीब छात्रों को

26. भाषा अधिगम की प्रक्रिया इस प्रकार की परिवेश में घटित होती है

(1) औपचारिक (2) अनौपचारिक

(3) औपचारिक और अनौपचारिक (4) यांत्रिक

27. इनमें से लेखन का प्रकार नहीं है

(1) सुलेख (2) आलेख (3) श्रुतलेख (4) प्रतिलेख

28. चित्रपट इस प्रकार का शिक्षण साधन है

(1) अशाब्धिक (2) शाब्धिक (3) तार्किक (4) बौद्धिक

29. बालक-बालिकाओं के व्यक्तित्त्व से संबंधित समस्याओं का समाधान इसके द्वारा किया जाता है

(1) उपचार (2) चर्चा (3) शैक्षणिक उपचार (4) अवलोकन

30. बालक भाषा पर अधिकार प्राप्त करने के लिए इसकी आवश्यकता है

(1) व्याकरण सम्मत भाषा (2) घरेलू भाषा

(3) कूट भाषा (4) विभाषा

www.kpscvaani.com